कार्यालय जनपद न्यायाधीश, इटावा

दिनांक 15.02.2024

नीलामी की विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि नीलामी दिनांकित-13.02.2023 के उपरांत बची हुई दस न्यायालय कक्ष भवन परिसर में स्थित क्रमशः 1. अस्थायी फोटो स्टेट की दुकान, 2. लाई चना का स्टॉल, 3. पान का खोखा 4. कैन्टीन 5. फल-जूस का अस्थायी खोखा व 6. साइकिल/दो पहिया वाहन स्टैण्ड, इटावा की नीलामी वित्तीय वर्ष 2024-2025 (01.04.2024 से 31.03.2025) के लिये दस न्यायालय, कक्ष भवन के सभागार में दिनांक 27.02.2024 को अपरान्ह 4.30 बजे की जायेगी। जिस व्यक्ति को उपरोक्त ठेका लेना हो वह उक्त दिनांक, समय व स्थान पर माननीय जिला जज, इटावा द्वारा अनुमोदित शर्तो के अधीन बोली बोलने हेतु उपस्थित हों। फल व जूस की स्टॉल, पान का खोखा, लाई-चना की स्टॉल हेतु रूपये 2000/- की सुरक्षा धनराशि तथा अस्थायी फोटो स्टेट की दुकान, दो पहिया वाहन/साइकिल स्टैण्ड एवं कैन्टीन के लिये रूपये 10,000/- की सुरक्षा धनराशि नकद देय होगी, समस्त बोली दाताओं को बोली बोलने से पूर्व दिनांक 27.02.2024 को दोपहर 12.00 बजे तक जमानत के रूप में अग्रिम जमा करना होगा,जो बोली समाप्ति पर नियमानुसार वापस की जायेगी। ठेके में अधिकतम बोलीदाता को नीलामी के पश्चात तुरन्त बोली की सम्पूर्ण धनराशि का 50 प्रतिशत जमा करना होगा। नीलामी बोली स्वीकार या अस्वीकार करने का सर्वाधिकार माननीय जिला जज, इटावा को सुरक्षित रहेगा। ठेका 01 अप्रैल 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिये दिया जायेगा। प्रत्येक बोली बोलने वाले व्यक्ति को एक नीलामी फार्म भरकर सक्षम अधिकारी द्वारा प्रदत्त स्थायी निवास प्रमाण पत्र/आधार कार्ड सहित नजारत में जमा करना होगा नीलामी फार्म रूपये 100/- मूल्य पर नजारत कार्यालय में दिनांक 27.02.2024 दोपहर 12.00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते हैं एवं स्वीकृत शर्तो की जानकारी केन्द्रीय नाजिर, नजारत जजी, इटावा से प्राप्त की जा सकती है।

(जनार्दन प्रसाद यादव)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(ई0सी0 एक्ट),
इटावा।

प्रतिलिपि सूचनार्थ निम्न को प्रेषित:-

01. नाजिर कलेक्ट्रेट, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा करने हेतु।
02. नाजिर विकास भवन, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
03. अधिशाषी अधिकारी, नगर पालिका परिषद, इटावा को नोटिस बोर्ड पर चस्पा हेतु।
04. दस न्यायालय कक्ष भवन, इटावा के नोटिस बोर्ड हेतु।
05. जिला सूचना अधिकारी, इटावा को जी0ओ0 नम्बर 562/उन्नीस-2-2007-1007(टी0सी0) दिनांकित 04 जुलाई 2007 के अनुरूप समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में नीलामी की विज्ञप्ति निः शुल्क प्रकाशित कराये जाने एवं सूचना-पट पर चस्पा किये जाने हेतु प्रेषित।
06. अध्यक्ष/महामंत्री, जिला बार एसोसिएशन, इटावा - नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
07. अध्यक्ष/महामंत्री, सिविल बार एसोसिएशन,इटावा - नोटिस बोर्ड के चस्पा हेतु।
08. समस्त दुकानदार/ठेकेदारों को सूचनार्थ।
09. नोडल अधिकारी कम्प्यूटर्स, जजी, इटावा

(जनार्दन प्रसाद यादव)
अध्यक्ष नीलामी समिति/
विशेष न्यायाधीश(ई0सी0 एक्ट),
इटावा।